तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 फुलझर के ऐतिहासिक धरोहर स्थल पर होला...



12 मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता है...



**खबर संक्षेप**

### आज से तीन दिवसीय योग शिविर

**महासमुंद।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गार्डन में जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा 15 मार्च से 17 मार्च तक तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में योग के महत्व, नियमित योगाभ्यास से शरीर की शुद्धि, मानसिक तनाव से मुक्ति तथा स्वस्थ एवं निरोगी जीवन जीने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# केवल 40 फीसदी बन पाया ओवरब्रिज, मार्च में पूरा करने का था लक्ष्य

## बेलसोंडा स्थित रेलवे क्रॉसिंग में निर्माण कार्य काफी सुस्त गति से जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय से राजधानी के मार्ग पर पड़ने वाले बेलसोंडा स्थित रेलवे क्रॉसिंग में निर्माण कार्य काफी सुस्त गति से चल रहा है। मार्च 2026 में जहां इस पुल को जनता के लिए अर्पित कर दिया जाना था वहां हाल यह है कि अभी 40 फीसदी कार्य ही पूरा हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि रायपुर विशाखापट्टनम रेल मार्ग के दोहरीकरण के बाद इस रूट में मालगाड़ी और यात्रीगाड़ी की संख्या में इजाफा हुआ है जिसके कारण बेलसोंडा क्रॉसिंग में तकरीबन हर 10 मिनट में एक बार आवाजाही बाधित होती है। ऐसे में बीते कई साल से लगातार मांग के बाद परियोजना की स्वीकृति 2023 में मिली। रेलवे ओवरब्रिज की अनुमानित लागत लगभग रुपए 58.66 करोड़ है। निर्माण कार्य शुरु तो हुआ। लेकिन, इसकी समय सीमा मार्च 2026 तय किए जाने के बाद भी अब तक निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया है।



### भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं लोग

मार्च के महीने में ही गर्मी अपना प्रचंड रुप दिखा रही है। ओवरब्रिज निर्माण की जद में आने वाले पेड़ों को भी काटा और शिफ्ट किया जा चुका है ऐसे में यहां पर क्रॉसिंग में फंसने वाले लोगों को भीषण गर्मी के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्वाधिक परेशान बाईक चालक और मालवाहक वाहनों में सवार लोग होते हैं क्योकि इनमें एसी जैसी सुविधा नही रहती। जिसके कारण 15 मिनट ही फाटक बंद रहने से लोग भीषण गर्मी में व्याकुल हो जा रहे हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने उक्त ब्रिज के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने की मांग रखी है।

### दो फाटक होने से राहत भी मिली परेशानी भी

बता दें कि पूर्व में यहां एक ही ओर से आवाजाही होती थी। इस परेशानी को देखते हुए यहां पर एक और क्रॉसिंग मार्ग बनाया गया ताकि आमने सामने से आने वाले वाहनों के कारण जाम की स्थिति से निजात पाया जा सके। यह आइडिया कारगर भी साबित हुआ लेकिन, शहर में बढ़ते जनसंख्या के दबाव और बार बार क्रॉसिंग बंद होने के कारण अक्सर दोनों मार्गों में भारी दबाव रहता है। और अब यहां पर यातायात पुलिस की तैनाती भी नजर नही आती ताकि यातायात को सुचारू किया जा सके।

**न्याय :** 25 खण्डपीठों के माध्यम से जिलेभर में आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया गया प्रकरणों का निपटारा

# लोक अदालत में 65,962 लंबित मामलों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण एवं पक्षकारों के त्वरित सुलह एवं समझौते के आधार पर उनके प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिले भर में शनिवार को किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित 25 खण्डपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में शनिवार को जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ हुआ।

⏭ शेष पेज 10 पर





### प्रकरण में आहतों के लिए अवार्ड पारित

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के समक्ष लंबित 11 प्रकरणों का निराकरण करते हुए आठ मृतकों के उनके वारिसानों एवं तीन आहतगणों के लिए कुल एक करोड़ 56 लाख 35 हजार रूपए का अवार्ड पारित किया गया।



### एक साथ दाम्पत्य जीवन निर्वाह करने हुए सहमत

भरण-पोषण के लंबित मामले में उभयपक्षकारों को कुटुम्ब न्यायालय खंडपीठ क्रमांक-दो के पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा समझाईश दिया गया, जिससे प्रेरित होकर दंपत्ति एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए अपना दाम्पत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने तैयार हुए।



### पक्षकारों को पौधे भेंट कर पीठासीन अधिकारियों ने दिया संदेश

उपस्थित पक्षकारों को वृक्षारोपण करने के उद्धेश्य तथा सुखद हरियाली के संदेश देते हुए पक्षकारों को विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए। इसके अलावा नेशनल लोक अदालक के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पौधा वितरण किया गया। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर में अपने प्रकरणों के लिए पहुंचे पक्षकारों तथा आम नागरिकों को पौधे वितरित किए गए।

### अज्ञात कार की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**महासमुंद।** बसना नगर के मेन रोड स्थित शिव ट्रेडर्स के सामने 13 मार्च को एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम गढपटनी निवासी गंगाराम कैवर्त अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल सीजी CG 06 एचडी 1802 से जा रहे थे, तभी वीर नारायण सिंह चौक की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गंगाराम के सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल के भाई गयाराम ने बताया कि राहगीरों की सूचना पर उन्हें तत्काल शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अग्रवाल नर्सिंग होम रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 125(ए) और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**खबर संक्षेप**

## कारोबारी को झांसा देकर पांच लाख का जेवर ले उड़ी महिला

**रायपुर।** एक सराफा कारोबारी ने एक महिला के खिलाफ पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला एक व्यक्ति के साथ जेवर खरीदने का बहाना कर सराफा दुकान में पहुंची। महिला ने जेवर ट्रायल करने का झांसा देकर जेवर पहन लिया, इसके बाद कारोबारी की आंखों में धूल झोंक कर मौके से फरार हो गई। भागने का प्रयास कर रही महिला के साथ आए व्यक्ति को कारोबारी ने तथा मौके पर उपस्थित लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। कारोबारी दुर्गाप्रसाद सोने ने मेशराम साहू तथा कमलेश्वरी साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। देवपुरी में संचालित दुर्गा ज्वेलर्स में मेशराम तथा महिला जेवर खरीदने के बहाने गुरुवार को पहुंचे थे।

## कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे पुराने एवं दशकों से संचालित मेडिकल कॉलेज पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (मेकाहारा), रायपुर में लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग को प्रदेश सरकार ने पूरा कर दिया है। अब मेकाहारा में डीएम कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत कर दी गई है। इसको लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। बीजेपी प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश के युवा डॉक्टरों को सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह वर्षों पुरानी मांग भाजपा प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. देवेंद्र कश्यप के सतत प्रयासों एवं लगातार किए गए आग्रह का परिणाम है।

## ट्रेड डील के विरोध में संसद घेरेगी छग यूथ कांग्रेस

**रायपुर ।** अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में यूथ कांग्रेस 16 मार्च को दिल्ली में संसद का घेराव करेगी। इस घेराव में छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। शुक्रवार को रायपुर में हुई प्रेस वार्ता में भारतीय युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार की प्रस्तावित अमेरिका-भारत ट्रेड डील को किसानों, युवाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए तीखा विरोध दर्ज किया। संगठन ने इस डील को "भारतहित के खिलाफ और भविष्य पर सीधा आघात" बताया। यूथ कांग्रेस ने ट्रेड डील के कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है।

### शिविर : 8219878 रुपए का किया अवार्ड पारित

# नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

न्यायालय भवन में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायधीशों के 4 अलग अलग खंडपीठों में कुल 608 विभिन्न प्रकरणों में 82,19,878 रुपये का अवॉर्ड पारित किया गया। ज्ञातव्य हो कि उक्त लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त 04 खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयको के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामले के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक लिखत अधिनियम की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-



135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया।

अधिवक्ता संघ के सचिव राजेंद्र कुमार दास ने अधिक से अधिक पक्षकारों को लोक अदालत के सुविधाओं का लाभउठाने की अपील के साथ ही लोक अदालत में उनके चैंबर द्वारा पक्षकारों व लोक अदालत में शामिल सभी विभागों के कर्मचारियों के लिए निशुल्क भोजन की भी व्यवस्था का लाभ उठाने की बात कही। एनडीपीएस के विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र शर्मा ने कहा कि लोक अदालत तभी सफल हो रहा है, जब दोनों पक्षकार गण आपसी समझौता के लिए तैयार होते हैं, आप लोगों के आपसी समझौते के मानसिकता व इच्छा के चलते ही लोक अदालतों का उदेश्य पूरा हो रहा है। लोक अदालत के प्रारंभिक चरणों में राजस्व विभाग द्वारा ग्राम लाखन पाली के 54 लाभार्थियों जिनमें परीक्षित, सुशील, विश्राम, पूरन बाई, भगतराम, तुलसी, सुदरु महेश, कलीराम, बलिराम, गोपसिंह, हेतराम, सेतबाई, शौकी, भोगीलाल, चलमणि, मनबोध, निरंजन, रामचंद्रो, राखीलाल, मिलाप सिंह, रेशमलाल, सेत कुमार, रणधु, प्रेमसागर, केवल सींग, बसंतलाल, शौकीलाल, लक्ष्मण, वासुदेव, लाला, बुढ़ान, नेहरु, सतवंती, दाशरथि, मेमबाई, नारायण, पुनित राम, चैतराम, कुंजराम, बाबूलाल, सामाजिक भवन, मालिकराम, प्यारीलाल व डमरु को भू स्वामी पट्टा का वितरण प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती वंदना दीपक देवांगन, पंकज आलोक तिर्की (द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ), वैभव घृतलहरे (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ), विनय कुमार साहू (न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी ), अनुपमा आनंद (एसडीएम) तथा श्रीधर पंडा (तहसीलदार ) के हाथों वितरित किया गया। इस दौरान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन व एसडीएम अनुपमा आनंद द्वारा स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल जाकर अपना बीपी व स्वास्थ्य चेक कराया। साथ ही सभी न्यायधीशों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टालों में जाकर तैयारियों का निरीक्षण भी किया गया।

### बिजली से संबंधित 24 प्रकरणों में 3,38,000 रुपए के अवार्ड पारित

इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 01 वंदना दीपक देवांगन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में बिजली विभाग के प्री-लिटिगेशन संबंधीत मामलों में विद्युत से संबंधित 24 प्रकरणों में 3,38,000, मोटर दावा दुर्घटना के 01 प्रकरण 5,86,000 मोटर दावा निष्पादन के 02 प्रकरण में 6,20,000 रुपये का निराकरण किया गया। खंडपीठ 02 पंकज आलोक तिर्की द्वुतीय अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में 07 **mact** में 45,00,000 रुपये, दावा निष्पादन 01 प्रकरण में 10,04,278 रुपये 09 बैंक प्रिलिटिगेशन 6,08,000 रुपये का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 03 वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में धारा 138 के 01 प्रकरण में 1,00,000 रुपये, दाण्डिक के 03 प्रकरण, एवम समरी 419 प्रकरणों में 49,600 रुपये पारित किया गया। क्रमांक 04 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में धारा 138 के 01 प्रकरण में 4,00,000 रुपये समरी 140 प्रकरणों 14,000 रुपये, के राशि साथ निराकरण किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ एडीजे, न्यायधीशों व एसडीएम द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किए जाने के पश्चात वंदेमातरम के साथ ही राष्ट्रगान के साथ किया गया। सर्वप्रथम राजस्व विभाग द्वारा भू अधिकार स्वामित्व योजना के तहत का लाखन पाली 54 ग्रामीणों को आबादी भू स्वामी पट्टा वितरण कर प्रारंभ किया गया। न्यायालय भवन में पक्षकारों से खचाखच भरे हाल संबोधित करते हुए अपर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन ने कहा कि अदालत लगाए जाने का उद्धेश्य आपसी भाईचारे व समझौते के तहत प्रकरणो का निराकरण किया जाना है। वर्षों से न्यायालय में चल रहे समझौते युक्त प्रकरणों को आपसी समझौते के तहत निपटारे का यह एक सशक्त व सुगम माध्यम तथा मंच है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं कमल सखी सम्मान समारोह पिरदा में

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा पिरदा मंडल के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पिरदा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं कमल सखी सम्मान समारोह का आयोजन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के आह्वान पर एवं सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी एवं जिला अध्यक्ष येतराम साहू के निर्देश व विधायक संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं कार्यक्रम के संभाग प्रभारी सविता चंद्राकर की अध्यक्षता एवं भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने महिलाओं को विधिक जानकारी देते हुए उनके अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प में अहम भागीदारी महिलाओं की सुनिश्चित करते हुए महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं प्रारंभ किए हैं, जिसका लाभ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि आज इस कार्यक्रम में महासमुंद जिला के अंतिम छोर पिरदा मंडल में काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति से स्पष्ट हो जाता है कि अब महिला घर की बहु व मां के भूमिका के साथ-साथ अपने परिवार राज्य व गांव के विकास में बढ़-कर का हिस्सा ले रही है। आज पिरदा मंडल के प्रत्येक बूथ में कमल सखी का गठन हुआ है। जिसके लिए मंडल के अध्यक्ष विमला बेहरा एवं जिला महिला मोर्चा के पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए महिला सखी के सदस्यों को गमछा एवं श्रीफल से सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा महिला सखी कागज में नहीं रहेगा, महिला सखी इस गांव के उत्थान के लिए काम करेगी और कहीं पर भी महिलाओं के साथ अन्याय होते दिखेगा, वहां पर जिला महिला मोर्चा जिला एवं स्थिति पड़े तो मैं स्वयं उनकी रक्षा एवं न्याय दिलाने सामने खड़ी दिखूंगी।



कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सविता चंद्राकर ने कहा कि आज महिलाएं राष्ट्र विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रही है। आज महिलाओं को किसी पुरुष के माँ किसी की बहू किसी के पत्नी के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब पिता, बेटा और पति को महिलाओं के नाम से उनके बेटा उनके पति उनके पिता के नाम से जानने परिच होने लगा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कहा कि जब से देश व राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। महिलाओं के लिए जन कल्याणकारी की सभी योजनाएं महिलाओं के नाम से कर हर परिवार को समृद्ध बनाने की कम कर रही है।

महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने कहा कि प्रथम चरण में महासमुंद जिला के 20 मंडल के प्रत्येक बूथ में कमल सखी का गठन किया जाएगा। जिसमें गांव के पढ़े-लिखे मजबूत महिला को स्थान दिया जाएगा। दूसरे चरण में बूथ प्रमुख कमल सखी के माध्यम से एक अनुसूचित जाति एक अनुसूची जनजाति एक पिछड़ा वर्ग एवं एक जनरल वर्ग से जोड़ करकमल सखी का विस्तार किया जाएगा और उनके माध्यम से गांव में स्वच्छता महिलाओं को बिहान योजना से रोजगार के साथ जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाने एवं गरीब महिलाओं के साथ अन्याय के विरोध खड़े रहने का काम कमल सखी के माध्यम से किया जाएगा। जिससे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने की संकल्प को सार्थक किया जाएगा और भारतीय जनता पार्टी को एक मजबूत पार्टी के रूप में पुरुषों के बराबरी में महिलाओं की भूमिका दिखेगी। कार्यक्रम को महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान ने भी संबोधित किया। प्रस्तावना उद्बोधन मंडल अध्यक्ष विमला बेहरा ने रखा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री तारेश्वरी नायक एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष शशि पटेल ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, अभिमन्यु प्रधान मंडल अध्यक्ष पिरदा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, नगर महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सीमा नायक, पालिका अध्यक्ष सरस्वती पटेल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उत्तर प्रहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्यगण कुमारी भास्कर, जगमोती भोई, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष गण क्षमा गोयल अनीता टांडी, जिला मंत्रीगण वर्षा साहू आदि मौजूद रहे।

## जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना बनी महिलाओं के लिए वरदान

**महासमुंद।** जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस केंद्रीय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले की हजारों गर्भवती एवं धात्री महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है। ग्राम गढ़फुलझर विकासखंड बसना की निवासी सिमितिनी राणा पति दिवाकर राणा ने अपना जीवंत अनुभव साझा किया जो योजना की सफलता का जीता-जागता उदाहरण है। सिमितिनी राणा बताती हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का फॉर्म आँगनबाड़ी दीदी के माध्यम से भरवाया। गर्भावस्था के दौरान ही उन्हें पहली किश्त मिल गई। उस राशि से उन्होंने अपने लिए एक पौष्टिक आहार पैकेट तैयार किया और नियमित रूप से अच्छा खान-पान किया। बच्चे के जन्म के बाद दूसरी किश्त भी प्राप्त हो गई, जिससे उन्होंने बच्चे की अच्छी देखभाल की। योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में अब तक 4928 हितग्राही महिलाओं का नामांकन किया जा चुका है। योजना के तहत प्रथम संतान के लिए 3914 महिलाओं को पहली किश्त 3000 रुपए और 3532 महिलाओं को दूसरी किश्त 2000 रुपए प्रदान की गई है। साथ ही, दूसरी बालिका के जन्म पर माताओं को विशेष प्रोत्साहन राशि 6000 रुपए भी प्रदान किया जाता है।



# भाजपा शहर मंडल के प्रशिक्षण में कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को किया अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं वैचारिक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यपद्धति, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, आधुनिक तकनीकी साधनों तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना रहा।

रायपुर संभाग के शहर प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भाजपा के कार्य विस्तार की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और अथक परिश्रम से निर्मित हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं, समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर संवाद स्थापित करें तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का मूल आधार राष्ट्रवाद, अंत्योदय तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों में निहित है।

डॉ. विमल चोपड़ा ने भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर भारतीय जनता पार्टी के गठन और उसके विकास की गौरवशाली यात्रा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अनेक संघर्षों, त्याग और समर्पण के परिणामस्वरूप भाजपा आज देश की सबसे सशक्त राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। प्रीतम दीवान ने अपने उद्बोधन में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार की नीतियां समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस सत्र में चुन्नीलाल ने आधुनिक युग में सोशल मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं को आई नमो ऐप एवं सरल ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम संगठन के विचारों, कार्यक्रमों और सरकार की उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनसामान्य तक पहुंचाने का सशक्त साधन बन चुका है। प्रलय थिटे ने संगठन की कार्य पद्धति पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भाजपा एक अनुशासित एवं कार्यकर्ता आधारित संगठन है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती नियमित बैठक, आपसी समन्वय, समयबद्ध कार्यप्रणाली तथा टीम भावना से ही संभव है।

ओमप्रकाश चौधरी ने बूथ प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और बूथ स्तर की सक्रियता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होती है। उन्होंने टिफिन बैठक की अवधारणा और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी कार्यकर्ताओं को विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मीना वर्मा एवं अग्रज शर्मा द्वारा किया गया।

# महापौर चौबे के वार्ड में पानी का संकट कांग्रेस ने किया जोन कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में लगातार बढ़ती पानी की गंभीर समस्या को लेकर शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लाखेनगर स्थित नगर निगम जोन 5 कार्यालय का घेराव किया। करण नगर, चंगोराभाठा सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से पानी की समस्या से परेशान नागरिकों के समर्थन में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक जोन कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे।

नगर निगम प्रशासन की इस उदासीनता से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोन कार्यालय परिसर में मटका फोड़कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। शाम करीब 5 बजे जोन कमिश्नर कार्यालय पहुंचे, जिसके बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने उनसे मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त पानी की गंभीर समस्या को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा, रायपुर नगर निगम में भाजपा की महापौर होने के बावजूद उनके ही वार्ड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पानी की इतनी गंभीर समस्या बनी हुई है। जब राजधानी के महापौर के वार्ड में ही यह स्थिति है, तो शहर के अन्य वार्डों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

**मटका फोड़कर जताया विरोध**



**देवेंद्र नगर दुकानों को खुलवाने बैठक में व्यस्त**

उन्होंने कहा, देवेंद्रनगर में बंद पड़ी दुकानों को खुलवाने के लिए नगर निगम की महापौर बैठक लेती हैं, जबकि वे दुकानें स्वयं उनके द्वारा बंद कराई गयी थीं। शहर की आम जनता की सबसे बड़ी समस्या पानी को लेकर नगर निगम प्रशासन और महापौर मीनल चौबे पूरी तरह आंखों पर पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही क्षेत्र में पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम के खिलाफ और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**ये थे मौजूद**

आकाश शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, सत्यनारायण नायक, उत्तम साहू, दिनेश तिवारी, सुभाषिनी ऋषि देवांगन, बंशी कन्नौजे, विनोद ठाकुर, सुयश शर्मा, प्रीति सोनी, निशा शर्मा, पूनम यादव, प्रदीप देवांगन, सुनील ध्रुव, योगेश दीक्षित, ब्रह्मा सोनकर, जय सोनकर, मनोज सोनकर, राज देवांगन, वेंकट कुमार, मुकेश कुकरेजा सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित थीं।

# 19 दुकानें महीने रहीं सीलबंद, व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पंडरी इलाके की 19 दुकानों को सीलबंद किया गया था। महीनेभर के बाद उन्हीं दुकानों को नगर निगम ने पुनः खोलने का आदेश जारी किया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने महापौर के इस फैसले पर सवाल उठाया है।

उन्होंने कहा कि ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण इन दुकानों को सीलबंद करने का फैसला ही गलत था। व्यापारियों से बातचीत कर इस समस्या का पहले ही समाधान निकाला जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। त्योहार के दौरान महीनेभर तक बंद रही दुकानों के कारण व्यापारियों को बड़ा नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई अब न महापौर करेंगी और न ही विधायक या सांसद करेंगे।



नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि व्यापारियों के साथ नगर निगम द्वारा की गई यह कार्रवाई अनुचित थी। उन्होंने कहा कि महापौर के निर्देश पर इन दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई से पहले व्यापारियों को अगर समझाइश देकर उनसे बातचीत की जाती, तो ट्रैफिक जाम की समस्या का हल निकल सकता था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इस समस्या का हवाला देकर दुकानें सीलबंद कर दी गईं। इसके कारण व्यापारी त्योहार में भी दुकानें खोल नहीं पाए, जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों से बातचीत कर अगर समस्या का हल पहले निकाल लिया जाता, तो नगर निगम को यू टर्न भी लेना नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि यू टर्न लेना कहीं न कहीं सीलबंद करने के फैसले को गलत साबित किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई का कांग्रेस हमेशा विरोध में है।

## भाजपा बोली- बिजली बिल लंबित भुगतान के लिए सरचार्ज और मूल राशि में छूट ऐतिहासिक कदम

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कोरोना काल और अन्य आर्थिक चुनौतियों के कारण बिजली बिल का भुगतान न कर पाने वाले निम्न व मध्यवर्गीय परिवारों के हित में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026 का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस योजना में सरचार्ज के माफ होने के साथ मूल राशि में भी 75 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

श्री चिमनानी ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए योजना का विस्तृत ब्योरा साझा किया। श्री चिमनानी ने बताया कि 12 मार्च को योजना के शुरू होते ही शुरुआती कुछ ही घंटों के भीतर प्रदेशभर में लगभग 5 हजार उपभोक्ता इस योजना की प्रक्रिया से जुड़ गए। श्री चिमनानी ने भुगतान के लिए आसान किस्तों की सुविधा का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा, यह योजना सिर्फ नाम के लिए नहीं लाई गई है, बल्कि बकाया राशि की वसूली को सरल बनाने के लिए सरकार ने जो अभूतपूर्व व्यवस्था की है, उससे संबंधित बिजली उपभोक्ता लाभ लेने प्रेरित होंगे। इसके तहत 1 लाख रुपए से अधिक की राशि पर अधिकतम 60 किस्त, 20 हजार से 1 लाख रुपए तक अधिकतम 50 किस्त, 20 हजार से कम की राशि पर अधिकतम 40 किस्त तय की गई है। श्री चिमनानी ने कहा इस योजना में बीपीएल परिवारों को मूल राशि में अधिकतम 75 प्रतिशत एवं एपीएल परिवारों को 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। दोनों को शत प्रतिशत अधिभार माफ होगा। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन 'मोर बिजली एप' और सीएसपीडीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जुड़ सकते हैं। श्री चिमनानी ने राज्य शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के हित में दिए जा रहे अनुदान की चर्चा करते हुए कहा, वर्ष 2024-25 में बीपीएल उपभोक्ताओं के विभिन्न योजनाओं में 7,513 करोड़ की अनुदान राशि सरकार द्वारा दी गई।

**पेज 09 का शेष**

### लोक अदालत में 65,962 लंबित मामलों...

इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, खंडपीठों के अन्य पीठासीन अधिकारीगण, खंडपीठो के लिए नियुक्त सुलहकर्ता सदस्यगण, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव संदीप साहू, एवं अन्य अधिवक्तागण, बैकर्स व विभिन्न विभागों के आए अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकां के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे।

उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत बकाया अथवा विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई के साथ प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 4 हजार 631 प्रकरणों में 30 लाख 59 हजार 870 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 14 हजार 329 प्रकरणों में 52 लाख 02 हजार 900 रूपए, श्रम प्रकरण के 41 मामलों में 16 लाख 50 हजार 400 रूपए, एमएसीटी के 27 प्रकरण में. 3 करोड़ 33 लाख 75 हजार रूपए, एनआई एक्ट-138 के 30 प्रकरणों में एक करोड़ 40 लाख 25 हजार 212 रूपए तथा 231 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर एक करोड़ 69 लाख 47 हजार 116 रूपए अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 43 हजार 122 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीडों के माध्यम से कुल 65 हजार 962 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 07 करोड़ 54 लाख 33 हजार 398 रूपए की राशि के आवार्ड पारित किए गए।

खबर संक्षेप



### साहू समाज महिला प्रकोष्ठ का हुआ होली मिलन

**बागबाहरा।** साहू सदन लालपुर में नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ बागबाहरा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था, जो कि बहुत ही शानदार और भव्य रूप से मनाया गया। सर्वप्रथम नगर अध्यक्ष हुलसी देवेश साहू के द्वारा माता कर्मा की आरती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात होली के सतरंगी रंगों के साथ सभी बहनों द्वारा नाच गाना कर प्रेम व स्नेह के साथ होली मिलन मनाया गया। तत्पश्चात पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सचिव रूखमणि हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष सुनीता साहू, दमयंती साहू, सहसचिव रूखमणि प्रेम साहू, संतोषी साहू, वरिष्ठ सलाहकार अधिवक्ता गिरिजा साहू, कौशल्या साहू, मेनका साहू, शशिप्रभा साहू, वीणा साहू, प्रमिला साहू, ललिता साहू आदि मौजूद रहे।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में जल्द शुरू होगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

**महासमुंद।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में जल्द ही एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। अभियान के तहत जिले में लगभग 11 हजार से अधिक बालिकाओं को टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### व मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना 19 से

**रायपुर।** सदर बाजार चूड़ी लाइन में स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर नवग्रह शांति एवं भक्तों के कष्ट निवारण के लिए मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना 19 मार्च से 26 मार्च तक की जाएगी। मंदिर के पं. किशोरी लाल शर्मा ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नवरात्रि में कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। ज्योति कलश के पंजीयन जारी है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन से श्रद्धालु संपर्क कर सकते हैं।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 2026 दिल्ली में महासमुंद के लक्की ने जीता रजत पदक

## भारत से महासमुंद जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्की यादव ने जीता 400 मीटर दौड़ में रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 2026 का आयोजन नई दिल्ली में 9 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय टीम छत्तीसगढ़ से एक मात्र खिलाड़ी महासमुन्द जिले के लक्की यादव शामिल रहें। विश्व पैरा एथलेटिक्स खेल में महासमुंद जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्की यादव पिता कुमार यादव ग्राम तुमाड़बरी विकासखंड व जिला महासमुंद के निवासी हैं, जो वन विद्यालय सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक महासमुंद में प्रतियोगिता की तैयारी करने में प्रदीप चंद्राकर, निरंजन साहू के मार्गदर्शन पाकर सफलता हासिल किया। लक्की यादव के साथ प्रशांत निषाद गाईड रनर एवं ऑफिशियल एवं प्रशिक्षक निरंजन साहू संचालक फॉर्चून फाउंडेशन महासमुंद शामिल रहे। लक्की यादव ने वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी निभाते हुए विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में क्वालीफाई करने मंर कामयाब रहे। विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 2026 में महासमुंद के लक्की यादव ने 1500 मीटर दौड़ में पहले दो राउण्ड़ में अपनी बढ़त बनाए रखा था। लेकिन, अंतिम राउण्ड में पदक प्राप्त नहीं कर सके एवं छठवां स्थान




पर रहे। 12 मार्च को लक्की ने 400 मीटर दौड़ में एक बार फिर से बेहतर प्रर्दशन करते एवं बढ़त बनाए रखा एवं 1 मिनट 04 सेकण्ड में दौड पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया।

महासमुन्द जिले में पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ियों को आगे बढाऩे एवं और अधिक पदक जीतने के उद्देश्य से जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ महासमुन्द ने वन परिसर खेल मैदान में नव निर्मित सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक में खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी पूरी करने नियमित अभ्यास हेतु परिसर में बालक एवं बालिका आवास हेतु कमरे उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर से मुलाकात कर वन विभाग से अनुमति प्रदान करने की मांग रखी गई है। अनुमति मिलने से जिले के पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ियों को सिंथेटिक ट्रैक में नियमित अभ्यास करने का अवसर मिलेगा जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने में आसानी होगी। विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 2026 में रजत पदक जीतकर जिले एवं प्रदेश का नाम रौशन करने पर जिला प्रशासन एवं खेल से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर बागबाहरा के सरकारी कर्मचारी से 12 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर सरकारी कर्मचारी के साथ हुई ठगी का मामला सामने आया है। बागबाहरा क्षेत्र में घटित




इस मामले में ठगों ने पीड़ित को 11 लाख 90 हजार 840 का चूना लगाय है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम घुंचापाली कला के उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ पीड़ित राजेश कुमार नायक ने पुलिस को बताया कि उनकी जान-पहचान फेसबुक पर मीरा शर्मा नाम की एक आईडी से हुई। मैसेंजर पर बातचीत के दौरान उस आईडी संचालक ने राजेश को शेयर मार्केट में निवेश कर बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। ठगों ने शुरुआत में Binance ऐप एक्टिवेट करने के नाम पर 12,000 रुपये वसूले। इसके बाद पीड़ित को globixvault.com नामक एक वेबसाइट पर भेजा गया और ETH-Globix नाम के वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया गया। इस ग्रुप में नीतिश मेंटर, मीरा शर्मा और अन्य लोग शामिल थे। राजेश से उनके पैन कार्ड, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज लेकर वेबसाइट पर एक ऑनलाइन एग्रीमेंट कराया गया। उनसे कहा गया कि मुनाफे का 30 प्रतिशत हिस्सा गाइडेंस फीस के रूप में देना होगा।

### किस्तों में ऐंठे लाखों रुपये

ठगों ने पीड़ित का भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में कुछ छोटे ट्रांजेक्शन पर प्रॉफिट दिखाया। ज्यादा मुनाफे के लालच में आकर राजेश ने अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करना शुरू कर दिया जिसमें दिसंबर 2025 के दौरान कई बार में हजारों रुपये भेजे गए। 17 दिसंबर 2025 को राजेश ने दो अलग-अलग बैंक खातों बंधन बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में चेक और आरटीजीएस के माध्यम से 3.50 लाख और 5 लाख रुपये ट्रांसफर किए।

### करोड़ों का फर्जी मुनाफा और फिर धोखा

वेबसाइट पर राजेश को उनका प्रॉफिट 1,20,921 डिजिटल करेंसी दिखाया जा रहा था, जिसकी भारतीय मूल्य करोड़ों में था। जब राजेश ने अपना पैसा वापस मांगा, तो ठगों ने शर्त रखी कि पहले कुल मुनाफे का 30 प्रतिशत हिस्सा जमा करें, तभी पैसा रिलीज होगा। तब राजेश को अहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों और खाताधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# ओडिशा से महाराष्ट्र जा रहा 5 लाख का गांजा जब्त, नागपुर के दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पुलिस की एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स और सिंघोड़ा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के



कब्जे से 10 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा लेकर छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना मिलते ही एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस ने नेशनल हाईवे 53 पर रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की। कुछ समय बाद ओडिशा की तरफ से एक 'हीरो पैशन प्रो' मोटरसाइकिल क्रमांक एम एच 49 एजी 7784 आती दिखाई दी। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे रोककर पूछताछ शुरू की। मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम सागर शुद्धोधन निकालजे (35 वर्ष) और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अतुल विनोद नंदेश्वर (33 वर्ष) बताया। ये दोनों आरोपी नागपुर, महाराष्ट्र के हुडकेश्वर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जब पुलिस ने उनके पास रखे काले रंग के बैग की तलाशी ली, तो उसमें खाकी रंग के टेप से लिपटे हुए गांजे के पैकेट मिले। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे यह गांजा ओडिशा के फुलवानी से खरीदकर नागपुर (महाराष्ट्र) में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जा रहे थे।

### कुल 5.75 लाख की संपत्ति जब्त

पुलिस ने आरोपियों के पास से सामग्री बरामद की है जिसमें गांजा 10.600 किलोग्राम कीमत 5,30,000 रुपये, हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल कीमत 25,000 रुपये, 2 नग स्मार्टफोन कीमत 20,000 रुपये, कुल जब्ती 5,75,000 रुपये की गई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिंघोड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# नकुल देव ढीढी की जयंती में शरीक होंगे सीएम साय, हुई तैयारी बैठक



**महासमुंद।** आगामी 12 अप्रैल को दादा नकुल देव ढीढ़ी जयंती कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन भोरिंग चौक तुमगांव में होगा। इसे लेकर स्थानीय ढीधी नगर बेमचा भाठा सतनान भवन में कार्यक्रम के रुपरेखा बनाने हेतु कोर कमेटी का आवश्यक बैठक रखा गया था। जिसमें सभी ने एक मत होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने हेतु एक म तेन सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र पंजीयन क्रमांक17678 के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र ढीढी, संरक्षक त्रिभुवन महिलांग. जिला अध्यक्ष सत्यनंद जेन्द्रे. प्रदेश सचिव प्रकाश चंद्र टंडन, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एस चन्द्रसेन, जिला सचिव श्यामलाल मन्नडे, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नीतू रानी बांधे, भुवन, झलप परिक्षेत्र के अध्यक्ष महेंद्र कोसरिया.कुमार, उपदेश मारकंडे, किसुन पाटले, राकेश कुमार टंडन, धनेश्वर महिलांग, मैना कोशले, रामप्रसाद बघेल, बाबूराम टंडन आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक अधिवेशन में सामाजिक विकास पर चिंतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मरार समाज नांदगांव राज का वार्षिक अधिवेशन पटिलबाहरा नांदगांव में शनिवार को हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में राज के सभी गांवों से समाज के लोग एकत्रित हुए। अधिवेशन का शुभारंभ माता शाकंभरी की पूजा आरती से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एकत्रित समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने सामाजिक संगठन और सामाजिक विकास पर चिंतन मनन किया। तथा आगामी वर्षों में सामाजिक विकास की रूपरेखा पर विचार मंथन किया।

वार्षिक अधिवेशन में विशेष अतिथि जागेश्वर जूगनू चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि मरार समाज मेहनत कश समाज है। सर्व समाज के लिए शाक-सब्जी उत्पादन कर जनमानस को पोषक आहार प्रदान करने वाले समाज है। वहीं पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक संगठन व विकास की बात रखा। इस अवसर पर राज के संयोजक गोविंद पटेल, संरक्षक संतराम पटेल, अध्यक्ष तुकाराम पटेल, उपाध्यक्ष रामसुमन पटेल, सचिव सुंदर पटेल, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, पंजीकरण सचिव तामेश्वर पटेल आदि मौजूद रहे।

वार्षिक अधिवेशन के व्यवस्थापन में विशेष योगदान नांदगांव के मरार समाज के लोगों का रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी महेंद्र कुमार पटेल ने दी।

# खाद्य विभाग ने दी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में दबिश

## होटलों एवं एजेंसी में घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए, जिले में लगातार कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं कलेक्टर विनय लंगेह के द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलु गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग की नियमित जांच किए जाने के निर्देश के अनुक्रम में खाद्य विभाग जांच दल द्वारा विकासखण्ड पिथौरा के होटलो एवं ढाबो व्यावसायिक प्रतिष्ठानो की जांच की गई। जांच दल में हरीश सोनेश्वरी, सहायक खाद्य अधिकारी, मनीष यादव सहायक खाद्य अधिकारी, सुशील शर्मा, खाद्य निरीक्षक, अविनाश दुबे, खाद्य निरीक्षक एवं दिव्यांशु देवागंन, खाद्य निरीक्षक के द्वारा संयुक्त रुप रुप से विकासखण्ड पिथौरा में संचालित होटलो ढाबो (व्यावसायिक प्रतिष्ठानो) में घरेलु गैस सिलेण्डर एवं गैस एजेन्सी की जांच



की गई। जांच दल द्वारा आज पिथौरा स्थित गैस एजेन्सी जगन्नाथ इण्डेन गैस एजेन्सी के गोदाम में रखे सिलेण्डर स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में वास्तविक स्टॉक से 14.2 कि.ग्रा. घरेलु गैस सिलेण्डर में 39 सिलेण्डर, 5 कि.ग्रा. छोटा में 19 सिलेण्डर तथा कॉमर्शियल 19 सिलेण्डर की कमी पायी गई। इस प्रकार स्टॉक में अनियमितता पाये जाने पर कुल 625 नग सिलेण्डर जगन्नाथ गैस एजेन्सी से जब्त किया गया है। इसी तरह संतोष होटल पिथौरा में 06 नग घरेलु सिलेण्डर, हनुमान मारवाड़ी भोजनालय पिथौरा में 03 नग घरेलु सिलेण्डर एवं महाकाल चाय सेंटर पिथौरा में 01 नग घरेलु सिलेण्डर व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाये जाने पर जब्त किया गया है। संबंधित गैस एजेन्सी एवं होटलो के द्वारा द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने के कारण घरेलु गैस सिलेण्डरों की जब्ती का प्रकरण सक्षम न्यायालय महासमुन्द में प्रस्तुत किया जा रहा है। खाद्य विभाग ने यह अपील किया है कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानो में ईंधन के रुप में व्यवसायिक सिलेण्डरो का उपयोग करें। होटलो एवं ढाबो की नियमित जांच खाद्य विभाग द्वारा किया जाता रहेगा। घरेलु गैस सिलेण्डरो का व्यवसायिक उपयोग करते पाये जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।



### नवकिरण अकादमी में नई बैच की क्लासेस प्रारंभ

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी महासमुंद, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता, सीजीपीससी, व्यापम, एसएससी संयुक्त भर्ती परीक्षा, रेलवे, बैंकिंग, सहायक ग्रेड-3, डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन कोर्स की नई बैच 11 मार्च 2026 से कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति डी. बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षाओं को ध्यान में रखते एवं प्रतिभागियों की मांग पर नई बैच की क्लासेस 11 मार्च 2026 से प्रातःकालीन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक क्लास संचालित हो रही है। चूंकि, सीमित सीट उपलब्ध है। अतः कोचिंग में प्रवेश प्राप्त करने एवं जानकारी हेतु कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

# जनजागरण समिति के युवाओं ने प्रसिद्ध शिवलिंग में सुख समृद्धि की कामना की

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर व बडगांव के 5 दर्जन जनजागरण समिती के युवाओं ने ऐतिहासिक यात्रा का सफलतापूर्वक समापन किया। इस यात्रा के दौरान युवाओं ने देश के अनेक प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन कर अपने क्षेत्र की सुख समृद्धि ,खुशहाली और बेहतर भविष्य के लिए विशेष कामना की।



यात्रा का शुभारंभ महाकालेश्वर मंदिर दर्शन पूजा के साथ हुआ।इसके बाद युवाओं ने ओमकलेश्वर, कालभैरव मन्दिर,ग ढ़कालिका मंदिर में शीश नवाया।यात्रा के पांचवे दिन कुबेश्वर धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने शिप्रा नदी के पावन तट पर स्थित शिवलिंग का दर्शन किया और दूध, गंगाजल व बेलपत्र अर्पित कर शिव भक्ति में लीन रहे। अध्यात्म के साथ ही युवाओं ने ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों को भी करीब से देखा। छांटवे दिन 111 फीट ऊँचा की प्रसिध्द भव्य शिवलिंग और रुद्राक्ष की पूजाअर्चना किया। इसके बाद सिद्दीकगंज की गुफाएँ, गिन्नौरगढ़ किला, और प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण कोलार डैम भ्रमण कर आनन्द लिया। वापसी में श्रद्धालुओं ने चिंतामन गणेश मंदिर में दर्शन कर अपनी यात्रा पूर्ण किया। सात दिनों की इस यात्रा ने युवाओं में न केवल धार्मिक आस्था और उत्साह का संचार किया, बल्कि उन्हें अपनी समृध्द संस्कृति और इतिहास से जुडने का अवसर भी प्रदान किया।



**खबर संक्षेप**



### गुड़रु पारा में बनेगी नई पानी टंकी, हुआ भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर के गुड़रू पारा वार्ड नंबर 27 में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए नवीन पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्षद गुलशन साहू, नागरिक छतराम कन्नौजे, डिगेश्वरी कन्नौजे, यशोदा कन्नौजे, वरुण यादव, लीला साहू और दयावती साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। टंकी बनाने की मांग लगातार उठ रही थी। स्थानीय निवासियों की मानें तो टंकी निर्माण से आने वाले वर्षों में उन्हें पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में प्रचार प्रसार के लिए एंबेसेडर की हुई बैठक

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु कालेज में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के निर्देशन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के एंबेसडर छात्र-छात्राओं का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 के बारे में जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया तथा छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 के संबंध में प्रचार प्रसार के लिए अपने अपने गांव, शहर, स्थानीय निवास, स्थानीय स्कूलों आदि में छात्र-छात्राओं के बीच उचित संवाद एवं प्रचार के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में संयोजक डॉ. ईपी चेलक के मार्गदर्शन एवं सदस्य डॉ रीता पांडे, प्रो. अजय कुमार राजा, डॉ अजय कुमार देवांगन के उपस्थिति में एवं एंबेसडर छात्र-छात्राएं निकिता चंद्राकर, नेहा पंडा, धार्मिन यादव, तृप्ति साहू मौजूद रहे।

आयोजन : किसानों ने अपने अनुभव साझा किए, मिलाराबाद जैविक खेती हब के रूप में बना रहा है पहचान

# जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव में जैविक खेती और तिलहनी फसलों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ऑन इडिबल ऑयल–ऑयल सीड (एनएमईओ) योजना के अंतर्गत बसना विकासखण्ड के ग्राम मिलाराबाद मैदान में शनिवार को जिला स्तरीय किसान मेला एवं तिलहन महोत्सव, कृषि मेला सह कृषक–वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, सदस्य रामदुलारी,देवकी दीवान सिन्हा, दीपा साहू, नरेश पटेल, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप, कृषि विभाग के अधिकारी, उन्नत किसान सहित किसान साथी मौजूद थे। जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि आज सरकार किसानों को दलहनी और तिलहनी फसलों के लिए प्रोत्साहित कर रही है। हरसंभव सब्सिडी दे रही है। यहां क्षेत्र के किसान इसका अधिक से अधिक लाभ उठाए। जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि मिलाराबाद क्षेत्र जैविक खेती के लिए एक विशिष्ट पहचान बना रहा है। उन्होंने किसानों को अधिक से अधिक उद्यानिकी फसलों की ओर अग्रसर होने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा ने कहा कि इस क्षेत्र में इस तरह का सम्मेलन आयोजन करना बड़ी बात हैं इससे किसानों को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में



किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए। उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में रबी सीजन के दौरान तिलहनी फसलों का रकबा 3125 हेक्टेयर, दलहनी फसलों का 6425 हेक्टेयर तथा अनाज फसलें रागी, मक्का और गेहूं का 5945 हेक्टेयर में विस्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बसना और सरायपाली विकासखंड में 500 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 475 क्विंटल प्रमाणित मूंगफली बीज का निःशुल्क वितरण किया गया, जिससे लगभग 1700 किसान लाभान्वित हुए हैं। वहीं महासमुंद, पिथौरा और बागबाहरा विकासखंड में 200 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 200 क्विंटल मूंगफली बीज, कीटनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्व का वितरण क्लस्टर में चयनित किसानों को किया गया है। इसकी खरीदी की व्यवस्था एफपीओ के माध्यम से बसना में की गई है। उन्होंने बताया कि एनएमईओ तिलहन योजना के अंतर्गत जिले के सभी पांच विकासखंडों में 1080 हेक्टेयर क्षेत्र में 1040 मिट्टी नमूनों का परीक्षण कराया गया है।

### पानी का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यकः किसान

कार्यक्रम में उन्नतशील किसान अंतर्यामी प्रधान ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पानी का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों से धान पर निर्भरता कम कर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती बढ़ाने, खुर्रा बोनी लाइनिंग पद्धति अपनाने, उर्वरकों का कम उपयोग करने तथा जैविक खेती की ओर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने पशुपालन को भी खेती के साथ जोड़ने की बात कही। यहां के किसान अवध राम चौधरी ने बताया कि उन्होंने 20 एकड़ में खीरा और करेला की खेती की है और आने वाले खरीफ सीजन में 5 एकड़ में उद्यानिकी फसल लगाने की योजना है। वहीं युवा किसान वेदप्रकाश पटेल ने बताया कि उन्होंने शुरुआत में 1 एकड़ में सरसों की खेती की थी, जो कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसल साबित हुई। वर्तमान में वे लगभग 100 एकड़ में सरसों की खेती कर रहे हैं, जिसमें प्रति एकड़ 6 से 8 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि वे सोनालिका किस्म की सरसों की खेती कर रहे हैं। मिलाराबाद क्षेत्र अब जैविक खेती के हब के रूप में नई पहचान बना रहा है। लगभग 350 एकड़ क्षेत्र में किसान रबी फसल के दौरान दलहन, तिलहन और उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे हैं। यहां के अधिकांश किसान धान पर निर्भर रहने के बजाय विविध फसलों और जैविक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# फुलझर के ऐतिहासिक धरोहर स्थल पर होला मोहल्ला की तैयारी तेज, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

फुलझर के ऐतिहासिक धरोहर स्थल पर रविवार 15 मार्च को आयोजित होने वाले होला मोहल्ला कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। सिख समाज के लोगों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर टेंट लगाने, साफ-सफाई, पेयजल और पार्किंग व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में



संगत के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सिख समुदाय के स्वयंसेवक व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। इधर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी



तरह सतर्क नजर आ रहा है। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार, एसडीएम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में लगे हुए हैं। प्रशासन द्वारा यातायात, सुरक्षा, पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। बताया जा रहा है कि होला मोहल्ला के अवसर पर क्षेत्र के साथ-साथ दूरदराज से भी श्रद्धालु पहुंचेंगे, जिसे देखते हुए प्रशासन और सिख समाज मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।



### छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ ने विधायक अनुज का जताया आभार

नर्रा। छत्तीसगढ़ की पहचान यहाँ की लोक कला (नाचा, गम्मत, पंडवानी, भरथरी) से है। कलाकार राज्य की संस्कृति का ध्वजवाहक होता है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और कला को देश-दुनिया में पहचान दिलाने वाले कलाकार आज भी उचित पारिश्रमिक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन, जब उन्हें उचित पारिश्रमिक नहीं मिलता तो वह आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हो जाता है, जो कलाकार पूरी दुनिया को हंसाता है और मनोरंजन करता है, वह खुद अपने घर की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया कलाकार केवल ताली बजवाने के लिए नहीं है, बल्कि उसका पेट भी भरना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने बताया कि पहली बार सदन में कोई छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल हमारे पारंपरिक विधा नाचा गम्मत, पंडवानी, भरथरी जैसे विलुप्त हो रहे विधा के कलाकारों के पीड़ा को विधानसभा में मुद्दा उठाते हुए कलाकारों के पीड़ा को अवगत कराया है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रमुख माध्यम थी गौठान योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाजपा के गौधाम योजना से पशु पालकों, महिला समूहों को नहीं मिलेगा लाभ

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांगेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बारी के तहत संचालित गौठानों को दुर्भावना पूर्वक बंद कर भाजपा सरकार गौधाम योजना शुरू करने का दिखावा कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में गौठान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और महिला सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र बना था। 'गौठान' गोधन न्याय योजना के तहत 2 रु. प्रतिकिलो में गोबर खरीदकर महिला स्व-सहायता समूह वर्मी कंपोस्ट, अगरबत्ती, दीये, पेंट और अन्य उत्पाद बना रहे थे। यह पहल न केवल पशुपालकों को आय प्रदान करती थी, बल्कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण रोजगार का बड़ा जरिया बना था। पूरे प्रदेश में 10 हजार गौठानों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया गया। गाँवों में गौठानों का संचालन ग्राम पंचायतों और महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किया जाता था।

लेकिन, वर्तमान साय सरकार की गौधाम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था से कोसो दूर है। इसका लाभ पशु पालकों, महिला समितियों को मिलता नहीं दिख रहा है। साय सरकार इस योजना के संचालन की जिम्मेदारी पंजीकृत गौशाला समितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों और सहकारी समितियों देगी। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को इसका किसी प्रकार से लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। एनजीओ जैसी संस्थाओं को गौधाम संचालन की जिम्मेदारी देने से केवल कागजों में ही इसका संचालन होगा। इससे पहले भी रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में गौशाला केवल भ्रष्टाचार का



केंद्र बनकर रह गया था। गौ वंशों को गौशाला में ना ही चारा मिल पाता था और ना ही पानी। गौवंशीय पशुओं की भूख से मरने की खबरें आम बात थी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी परंपरा को जीवंत बनाए रखने नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना लाकर गौधन न्याय योजना के तहत गौठान प्रारंभ किए। इससे घुमंतु मवेशियों को एक निश्चित आश्रय स्थल तथा भरपूर चारा-पानी मिला। इसके अलावा महिला समितियां गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हुईं। पशु पालकों ने गोबर व गौ मूत्र बेचकर अतिरिक्त लाभ हासिल किया। इससे पशु पालन व गौ वंशीय पशुओं के संरक्षण को बढ़ावा मिला था। पूरे देश में इस योजना की सराहना की गई थी। घुमंतु पशुओं की मृत्यु दर में कमी आई थी। लेकिन, भाजपा की सरकार बनते ही इस महत्वपूर्ण जनहित के योजना को दुर्भावना पूर्वक बंद कर दिया गया। अब गौधान, गौअभ्यारण योजना के नाम पर भ्रष्टाचार का खाका तैयार किया जा रहा है।

# मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता हैः आचार्य लक्ष्मीनारायण

## श्रीमद्भागवत के छठवें दिन श्रीकृष्ण सुदामा का चरित्र वर्णन, मार्मिक वर्णन सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन के छटवें दिन कथाव्यास आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज ने कृष्ण जन्म, सुदामा चरित्र के कथा का सुंदर प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाया।आचार्य ने अपने प्रसंग पर कृष्णा के जन्म का वर्णन करते हुए बताया कि जब भगवान कृष्ण का जन्म हुआ तो जेल के सारे द्वार खुल गए। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त की कब आकर रक्षा करता है, पता ही नहीं चलता। 84 लाख योनियों में सिर्फ मनुष्य ही ऐसा जीव है जो प्रेम प्रकट कर





सकता है। बिना प्रेम के ठाकुरजी नहीं मिल सकते हैं। हमें बिना सत्य जाने किसी पर भी आरोप नहीं लगाना चाहिए। आचार्य ने बताया कि श्रीकृष्ण और सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता है। श्रीकृष्ण और उनके बचपन के गरीब मित्र सुदामा की सच्ची मित्रता, भक्ति और निस्वार्थ प्रेम को दर्शाता हैं।सुदामा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का आधार भौतिक साधन नहीं, बल्कि निर्मल मन और भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार को यह संदेश देती है कि भगवान अपने भक्तों से केवल प्रेम की अपेक्षा करते हैं। निर्धन होते हुए भी सुदामा की भक्ति और समर्पण ने उन्हें लोक-लाज और मोह से परे भगवान का प्रिय बना दिया। उन्होंने कहा कि सुदामा की गरीबी उनके भक्ति मार्ग में कभी बाधा नहीं बनी। सच्ची मित्रता और निस्वार्थ प्रेम ही वह धागा है, जिससे ईश्वर को बांधा जा सकता है। हमें सुदामा के संतोष और कृष्ण की उदारता से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के चार दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए तोषण गिरि

**महासमुंद।** गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संपूर्ण भारत में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य अप्रैल से सितंबर 2026 तक कराया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशासन अकादमी नवा रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से आए कुल 47 मास्टर ट्रेनर्स को जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ के सहायक निदेशक प्रदीप कुमार साव तथा जनगणना निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल के सहायक निदेशक नमित यादव द्वारा जनगणना कार्य के संबंध में विस्तृत एवं गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में महासमुन्द कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के आदेश पर जिले के



मास्टर ट्रेनर के रूप में तोषण गिरि गोस्वामी शामिल हुए। प्रशिक्षण में गोस्वामी ने मास्टर ट्रेनर्स के लिए आयोजित परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया तथा फील्ड वर्क में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्रशासन अकादमी के संचालक एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी टीसी महावर द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अब उनके द्वारा महासमुंद जिले के सभी नगरीय तथा ग्रामीण चार्ज के लिए नियुक्त कुल 43 फील्ड ट्रेनर्स को 23 से 29 मार्च तक दो बैचों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके बाद सभी फील्ड ट्रेनर्स अप्रैल माह में अपने - अपने क्षेत्रों के प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य के लिए प्रशिक्षित करेंगे।

### पिथौरा सीएचसी में फिर शुरू हुई सी-सेक्शन सुविधा, 4.3 किलो की बच्ची का सुरक्षित जन्म

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण अंचल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में सी-सेक्शन ऑपरेशन सेवा को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। सेवा शुरू होते ही एक जटिल प्रसव का सफल ऑपरेशन कर 4.3 किलोग्राम वजन की स्वस्थ बच्ची का सुरक्षित जन्म कराया गया। प्रसव के बाद माता और नवजात दोनों की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ बताए जा रहे हैं।जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई सेवा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ही सुरक्षित और बेहतर प्रसूति सेवाएं उपलब्ध कराना है। पिथौरा सीएचसी में ही सी-सेक्शन सुविधा उपलब्ध होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को त्वरित और सुरक्षित उपचार मिल सकेगा, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। इस सफल ऑपरेशन के दौरान डॉ. छत्रपाल, डॉ. ज्योति साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ. त्रिलोक नेताम एनेस्थेटिस्ट, संदीप चंद्राकर कंसल्टेंट, बीएमओ डॉ. तारा अग्रवाल, डॉ. प्रदीप बिशाल बाल रोग विशेषज्ञ तथा डॉ. पीतांबर पटेल, हरिशंकर साहू हेल्थ एजुकेटर आदि मौजूद रहे।



### विदाई समारोह में पांचवी के बच्चों को कंपास कीट किया भेंट

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह में कक्षा पांचवी के बच्चों को कक्षा चौथी के बच्चों ने विदाई दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच आशकरण सोनवानी, उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक दयाराम साहू द्वारा सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा चौथी के बच्चों ने कंपास कीट सप्रेम भेंट किया। अनुष्का, वीरा, रजनी, डिंपल, निधि, केशर आदि छात्राओं ने मनमोहक डांस प्रस्तुत किये। प्रधान पाठक ईश्वर साहू ने पढ़ लिखकर अच्छा नागरिक बनने व बड़ों के प्रति सदैव आदर भाव रखने प्रेरित किया। शिक्षक राजेंद्र हनुमंता द्वारा न्योता भोज के अंतर्गत केला, अंगूर, जलेबी व स्वादिष्ट सब्जी खिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चन्द्रहास साहू व खिलेश सोनबेर ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आशकरण सोनवानी सरपंच अछरीडीह, दयाराम राम साहू प्रधान पाठक मिडिल स्कूल, ओमप्रकाश चंद्राकर, करण अनंत शिक्षक बड़गांव, ईश्वर साहू प्रधान पाठक, खिलेश सोनबेर, राजेंद्र हनुमंता, चंन्द्रहास साहू, उषा बाई पुरेना, टामिन बाई पुरेना सहित समस्त छात्र छात्राएं, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुनगासेर में बिजली कटौती, लो-वोल्टेज के खिलाफ दिया सांकेतिक धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानससभा के ग्राम मुनगासेर क्षेत्र में लाइन कटौती, लो वोल्टेज के खिलाफ मोंगरापाली, डोंगरीपाली, रेवा,खुडमुडी, डोंगरगाव,चारभाटा,मुंनगासेर, बोडरीदादर, सेंनभांठा, खाडादरहा, साल्हेभाटा, नरतोरी के किसानों ने सांकेतिक धरना तीन दिवस का अवसर दे, तत्काल बिजली समस्या सुधारने का ज्ञापन सौंपा। इससे पहले सैकड़ों की संख्या मे किसानों को युवराज दीवान, आशीष दीवान, खेमराज सिन्हा व अंत में अंकित बागबाहरा ने उद्बोधन दिया, जिसमें सभी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों को जीना मुहाल कर दिया है। रबी की फसल मरने को आ चुकी है, मुर्गी फार्म वालों के यहां मुर्गियां मरने को आ चुकी हैं, बीमार बच्चे गर्मी में तकलीफ पा रहे हैं, परीक्षाओं में बच्चो को संकट आ चुका है। परिवार में शादी, छुट्टी में दिक्कत आ रही है, और सामने नवरात्रि सर पर है। किसानों ने कहा की आज जैसी स्थिति कभी नही रही और किसानों को ऐसी



जिल्लत और प्रताड़ना कभी उठानी नही पड़ी, जो वर्तमान भाजपा सरकार में उठानी पड़ रही है। उपस्थित समस्त किसानों ने कहा कि अगर तीन दिन के अंदर समस्या का समाधान नही हुआ तो किसानों की फसल मर जाएगी। और अगर शासन नही चाहता कि किसान धान उगाए तो उनको अफीम उगाने की अनुमति दे दे। जैसे अन्य जगहों में भाजपाइयों को दे दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से अंकित बागबाहरा, खेमराज सिन्हा, आशीष दीवान, हरीश जगत सरपंच, युवराज दीवान, कोमल साहू, जितेंद्र क्षत्रीय, मोहर सिंह चक्रधारी, प्रकाश पटेल, दुर्गेश चक्रधारी, ओमप्रकाश दीवान, खामसिंग, चमन लाल निषाद, ठाकुर राम निषाद, नरेंद्र साहू, बिशहत राम, कार्तिक बघेल, अश्वनी ठाकुर, बेदबायस, साहू, परशु राम नेताम, प्रेमसिंग दीवान, पुनीत राम, अजीराम दीवान, श्रवण कुमार दीवान, सुख सिंग दीवान, डीगेशवर, टिकेश साहू, थानेश्वर दीवान, सागर साहू, सेतराम साहू, दलसिंग दीवान, प्रेमलाल नेताम आदि उपस्थित थे।

